**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**09.04.2025** **09.20 बजे**

**प्रधानमंत्री–शिखर सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वषपूर्ण कदम है। मुस्लिमों सहित सभी समुदायों की हित–रक्षा में इस विधेयक को पारित करने के लिए संसद को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब वक्फ की शुचिता संरक्षित रहेगी और वंचित वर्गों, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा होगी। प्रधानमंत्री कल रात नई दिल्ली में एक निजी मीडिया हाउस के आयोजन को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि वर्ष 2025 के शुरूआती सौ दिनों में सरकार ने न केवल महत्वपूर्ण फैसले किए बल्कि भविष्य की सुदृढ़ नींव भी रखी। उन्होंने कहा कि पिछले सौ दिनों की उपलब्धियां दर्शाती हैं कि भारत की प्रगति अब रोकी नहीं जा सकती।

**वेव्स शिखर सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मनोरंजन, दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और आने वाले समय में इसका और विस्तार होगा। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार अगले महीने मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि वेव्स भारतीय कलाकारों को अपनी सामग्री बनाने और उसे वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए सशक्त बनाएगा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू अहमदाबाद में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दो दिवसीय बैठक में भाग ले रहे हैं। कल हुई बैठक में उन्होंने कांग्रेस पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर सुझाव दिए। इस दौरान कांग्रेस की जिला कमेटियों को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। पार्टी की आज होने वाली बैठक में सुखविन्द्र सिंह सूक्खू प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी देंगे। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य हिस्सा ले रहे हैं।

## हिमाचल दिवस

हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल को राज्य स्तरीय समारोह चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि पांगी में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां शुरू कर दी हैं और इस भव्य आयोजन में राज्य के विभिन्न ज़िलों के नाट्य दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

## मौसम

प्रदेश में तापमान में बढ़ौतरी जारी है और खासतौर पर मैदानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आज से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर मौसम करवट बदलेगा जिससे प्रदेश के अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि निचले इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा की सम्भावना जताई है। इस दौरान विभाग ने कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

## अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।
अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी और दैनिक जागरण की एक जैसी सुर्खी है–**बिना पंजीकरण या बिना लाइसैंस के खाद्य पदार्थों के व्यवसाय, संचालन और बिक्री पर रोक लगाने के आदेश।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–**हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थों के व्यवसाय, संचालन और बिक्री पर लगाई पूरी तरह रोक।** दैनिक भास्कर लिखता है–**राज्य सरकार को आदेश–उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।**

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**सीडब्लयूसी की बैठक में बनी पार्टी की भविष्य की रूपरेखा।** अमर उजाला ने खबर दी है–**हजारों अस्थायी–अनुबंध कर्मचारी नियमित, धरने पर बैठे नौ वोकेशनल शिक्षक बर्खास्त।**

दैनिक सेवरा टाइम्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के बयान को शीर्षक दिया है–**मोदी सरकार की मुद्रा योजना ने 10 सालों में बदले करोड़ों भारतीयों के जीवन।**

मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है– **हिमाचल के कई भागों में बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान।**

**इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे नमस्कार ।**